# समाचार

# हाई स्कूल भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

# ( निगम के दो अन्य विकास कार्यो को भी किया जनसेवा में समर्पित )

कोरबा 04 सितम्बर 2013 –महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज बांकीमोंगरा जोनांतर्गत कुसमुण्डा क्षेत्र के वार्ड क्र. 56 गेवरा बस्ती में नवनिर्मित शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया, इसके साथ ही वार्ड क्र. 56 एवं 57 में निगम द्वारा कराये गये दो विकास कार्यो को भी जनसेवा में समर्पित किया।

शासन द्वारा वार्ड क्र. 56 गेवरा बस्ती में 55 लाख रूपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल के भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री जोगेश लाम्बा द्वारा कराया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 56 चुनचुनी बस्ती स्थित सामुदायिक भवन का नवीनीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य 09 लाख 78 हजार रूपये की लागत से किया गया है, वहीं वार्ड क्र. 57 स्थित सामुदायिक भवन के नवीनीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण 04 लाख 55 हजार रूपये की लागत से कराया गया है, इन दोनों विकास कार्यो को भी महापौर श्री लाम्बा ने जनसेवा में समर्पित किया। इस मौके महापौर श्री लाम्बा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम द्वारा निगम के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के केवल आम नागरिकों की आवश्यकता को देखते हुए बड़े पैमाने पर विकास कार्यो का संपादन कराया गया है तथा आगे भी निगम इस दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेगा। महापौर श्री लाम्बा ने आगे कहा कि गेवरा बस्ती में शासन द्वारा 55 लाख रूपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण कराया गया है, निश्चित रूप से इस भवन के निर्माण से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अध्ययन कार्य में काफी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के मार्गदर्शन में राज्य शासन ने विगत साढ़े 09 वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों के साथ–साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कार्य किये हैं जिनका प्रत्यक्ष लाभ हम सभी प्राप्त हो रहा है, उन्होने इस मौके पर उपस्थित छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य अनिल पाण्डेय, सुशील गर्ग, रामकिशोर यादव, पार्षद लखनलाल राठौर, संजय सिंह, श्यामसुंदर कैवर्त, सतविन्दर पाल सिंह बग्गा, महेन्द्र गुप्ता, मुकुल कर्ष, के.पी. पाटले, सुनीता पाटले, देवीराम कौशिक, प्रहलाद कश्यप, जागेश्वर राठौर, हीरा कंवर, उत्तम यादव, मनीष मिश्रा आदि के साथ विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं तथा आम नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)